# SUCCESS KEY TEST SERIES

X (English)

**(Unit Test -1 Hindi (1,2,3,4,5))**

Hindi-

DATE:


TIME: 1 Hour 30 Min

MARKS: 40

SEAT NO:

**प्र. १ परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए - (गद्य)** **8**

**A1)** अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2





हमदर्दी जताने वालों में वे लोग जरूर आएँगे, जिनकी हम सूरत भी नहीं देखना चाहते। हमारे शहर में एक कवि हैं, श्री लपकानंद जी। उनकी बेतुकी कविताओं से सारा शहर परेशान है। मैं अकसर उन्हें दूर से देखते ही भाग खड़ा होता हूँ। जानता हूँ, जब भी मिलेंगे दस-बीस कविताएँ पिलाए बिना नहीं छोड़ेंगे। एक दिन बगल में झोला दबाए आ पहूँचे। आते ही कहने लगे- "मैं तो पिछले चार-पाँच दिनों से कवि सम्मेलनों में अति व्यस्त था। सच कहता हूँ। कसम से, मैं आपके बारे में ही सोचता रहा। रातभर मुझे नींद नहीं आई और हाँ, रात को इसी संदर्भ में यह कविता बनाई...।" यह कह झोले में से डायरी निकाली और लगे सुनाने-

"आसाम की राजधानी है शिलाँग
मेरे दोस्त की टूट गई है टाँग
मोटरवाले, तेरी ही साइड थी राँग।"

कविता सुनाकर वे मुझे ऐसे देख रहे थे, मानो उनकी एक आँख पूछ रही हो- 'कहो, कविता कैसी रही ?' और दूसरी आँख पूछ रही हो-'बोल, बेटा ! अब भी मुझसे भागेगा ?' मैंने उन्हें जल्दी से चाय पिलाई और फिर कविताएँ सुनने का वादा कर बड़ी मुश्किल से उन्हें विदा किया।

अब मैं रोज ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ किहे ईश्वर ! अगर तुझे मेरी दूसरी टाँग भी तोड़नी हो तो जरूर तोड़ मगर कृपा कर उस जगह तोड़ना जहाँ मेरा कोई भी परिचित न हो, क्योंकि बड़े बेदर्द होते हैं ये हमदर्दी जताने वाले।

**A2)** i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1




ii) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो। 1

1) …………… वे मुझे देख रहे थे | (मिठाई खिलाकर, चाय पिलाकर, कविता सुनाकर)

2) दस – बीस कविताएँ ............... बिना नहीं छोड़ेंगे | (खिलाए, सुनाए, पिलाए)

**A3)** i) लिंग पहचानकर लिखिए :- 1

1) कवि - ...............

2) कविता - ...............

ii) परिच्छेद में प्रयुक्त दो विराम चिह्न के नाम लिखिए | 1


(-) - ...............

**A4)** स्वमत :- 2

परेशान हूँ इन मेहमानो से | इस विषय पर छ-सात पंक्तियों मे अपने विचार व्यक्त की जिए |

**प्र.२ परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए - (पद्य) 6**

**A1)** i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1




ii) उचित जोड़िया मिलाइए 1

| ‘अ’ | ‘ब’ |
|---|---|
| i. हिमालय | क. आलोक |
| ii. उषा | ख. आँगन |
| | ग. अभिनंदन |

| |
|---|
| हिमालय के आँगन में उसे, किरणों का दे उपहार<br>उषा ने हँस अभिनंदन किया, और पहनाया हीरक हार । |
| जगे हम, लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक<br>व्योमतम पुंज हुआ तब नष्ट , अखिल संसृति हो उठी अशोक । |
| विमल वीणा ने वाणी ली, कमल कोमल कर में सप्रीत<br>सप्तस्वर सप्तसिंधु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगीत । |
| विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम<br>भिक्षु होकर रहते सम्राट, दया दिखलाते घर-घर घूम । |
| ‘गोरी’ को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि<br>मिला था स्वर्ण भूमि को रत्न , शील की सिंहल को भी सृष्टि। |

**A2)** i) निन्मलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :- 1

1) हँसना - .................

2) फैलना - .................

ii) निन्मलिखित शब्दों के विपरीतार्थक संज्ञा रूप लिखिए :- 1

1) विजय x ................

2) धर्म x .................


**A3)** स्वमत :- 2

भारत को प्रकृति का दुलारा कहा गया है ? क्यों ?


**प्र.३ परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए - (पद्य पूरक पठन)** **4**

1 **A1)** अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2

1)




2)




| | |
|---|---|
| घना अँधेरा<br>चमकता प्रकाश<br>और अधिक । | |
| | करते जाओ<br>पाने की मत सोचो<br>जीवन सारा । |
| जीवन नैया<br>मँझधार में डोले,<br>सँभाले कौन ? | |
| | रंग-बिरंगे<br>रंग-संग लेकर<br>आया फागुन । |
| काँटों के बीच<br>खिलखिलाता फूल<br>देता प्रेरणा । | |

**A2)** स्वमत :- 2

उपर्युक्त पूरक पद्यांश का भावार्थ लिखिए |

**प्र.४** 1 **अधोरेखांकित शब्द का भेद लिखिए** **1**

पलाश की <u>फलीयाँ</u> पत्तियों के समान होती हैं|

2 **निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय ढूँढ़कर उसका भेद लिखिए** **1**

फूल की गंध हवा के साथ घर-घर जाएगी |

3 **सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए** **1**

मछली पानी में तैर रही थी| (सामान्य भविष्यकाल)

4 **निम्नलिखित वाक्य का रचना के अनुसार भेद लिखिए** **1**

आश्रम का विज्ञापन अखबार में नहीं दिया जाए |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए**<br>कान में पहुँचना - | 1 |
| 6 | **अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए**<br>हमारे अस्त - व्यस्त जीवन में <u>आनंद देने वाले</u> क्षण बहुत कम होते हैं।<br>(गुदगुदा देना, नाक - भौ सिकोड़ना) | 1 |
| 7 | **कारक भेद लिखिए**<br>रोगन ने अच्छा काम किया \| | 1 |
| 8 | **निम्न क्रियाओं के प्रथम एवं द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए** | 1 |

| **शब्द** | **प्रथम प्रेरनार्थक क्रिया** | **द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया** |
|---|---|---|
| छिपना | ............... | ............... |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | **तालिका पूर्ण कीजिये** | 2 |

| **संधि शब्द** | **संधि विच्छेद** | **संधि भेद** |
|---|---|---|
| i) यथार्थ | ............... | ............... |
| ii) स्वाभिमान | ............... | ............... |

| | | |
|---|---|---|
| **प्र ५.** | **निम्नलिखित जानकारी पढ़कर लगभग 60 से 80 शब्दों में वृत्तांत लेखन कीजिए**<br>**आपके क्षेत्र में 'जन - धन योजना' की जानकारी हेतु सभा आयोजित की गई। इसका वृत्तांत लिखिए।**<br>**(वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख करना अनिर्वाय है।)** | 5 |
| **प्र. ६** | **किसी एक विषय पर लभग 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए \|**<br>फ़ैशन और समाज | 7 |